# आईआईएमए *स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन* के प्रथम संस्करण में भारत सरकार के माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया को आमंत्रित करेगा

- **आईआईएमए शासन मंडल के अध्यक्ष श्री पंकज आर. पटेल का उद्घाटन भाषण।**
- **संस्थान में *आईआईएमए पूर्वछात्र स्वास्थ्य देखभाल विशेष हित समूह* और *स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र* द्वारा इस शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।**

**2 अगस्त, 2023**: प्रमुख वैश्विक प्रबंध संस्थान, भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए), 5 अगस्त 2023 को अपने परिसर पर *आईआईएमए स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन* के उद्घाटन संस्करण का आयोजन करने के लिए सुसज्ज है। भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने के शिखर सम्मेलन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इस सम्मेलन का विषय **'नवाचार को उत्प्रेरित करना - स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र और नीति अनुसंधान'** है।

प्रोफेसर भारत भास्कर, निदेशक, आईआईएमए उद्घाटन मंतव्य देंगे और इस शिखर सम्मेलन के लिए संदर्भ बताएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, डॉ. मनसुख मांडविया, भारत सरकार के माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री, मुख्य भाषण देंगे। तथा आईआईएमए शासन मंडल के अध्यक्ष श्री पंकज आर. पटेल इस अवसर पर उद्घाटन भाषण देंगे। समापन संबोधन भारत सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग की केंद्रीय सचिव सुश्री एस. अपर्णा द्वारा किया जाएगा। उनके साथ प्रोफेसर तरुण जैन, अध्यक्ष, स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र, आईआईएमए; आईआईएमए में अर्थशास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर विश्वनाथ पिंगली, कार्यकारी सदस्य-सीएमएचएस और दिन के अंत में आईआईएमए के पूर्वछात्र बाद में निर्धारित पैनल चर्चा में वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

आईआईएमए स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन के इस उद्घाटन में दो पैनल चर्चाएँ, एक स्टार्ट-अप प्रतियोगिता और शोध पत्र प्रस्तुति, उद्योग के अग्रणियों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सरकारी अधिकारियों को एक आम मंच पर लाना आदि शामिल होगा।

इस शिखर सम्मेलन के महत्व के बारे में बोलते हुए, **आईआईएमए के निदेशक, प्रोफेसर भारत भास्कर** ने कहा, "पिछले कुछ वर्षों में भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। तकनीकी प्रगति

और नवाचारों ने इसके विकास को और तेज कर दिया है, जिससे भारत दुनिया भर में सबसे अधिक मांग वाले स्वास्थ्य सेवा स्थलों में से एक बन गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह वृद्धि व्यापक और टिकाऊ है, यह महत्वपूर्ण है कि हम नवाचार पर ध्यान दें और उसे बढ़ावा दें और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करें और साथ ही एक मजबूत इको-सिस्टम को पोषित करने के लिए अपने नीति-निर्माण प्रयासों की समीक्षा करें जो देश भर में और महानगरों से लेकर दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की अच्छी तरह से संतुलित वृद्धि सुनिश्चित करेगा।

मुझे खुशी है कि माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आईआईएमए स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन के उद्घाटन संस्करण में भाग लेंगे, जो एक मील का पत्थर कार्यक्रम बनने के लिए सज्ज है। मैं इस आयोजन को वास्तविकता बनाने में उनके प्रयासों के लिए आईआईएमए पूर्वछात्र स्वास्थ्य देखभाल विशेष हित समूह और आईआईएमए के स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र को बधाई देना चाहता हूँ।"

इस शिखर सम्मेलन में दो ट्रैक होंगे, यह प्रत्येक स्वास्थ्य सेवा नवाचार के महत्वपूर्ण पहलू पर केंद्रित होंगे। 'हेल्थकेयर स्टार्ट-अप इकोसिस्टम' पर ट्रैक 1, हेल्थकेयर एसआईजी द्वारा संचालित किया जाएगा, जबकि 'पॉलिसी रिसर्च' पर ट्रैक 2, सीएमएचएस द्वारा संचालित किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन का एक मुख्य आकर्षण हेल्थकेयर स्टार्ट-अप इकोसिस्टम ट्रैक होगा, जिसमें दो पैनल चर्चाएँ और हेल्थकेयर स्टार्ट-अप के लिए एक प्रतियोगिता शामिल होगी। इस प्रतियोगिता में तीन समूह शामिल होंगे - स्थापित स्टार्ट-अप, शुरुआती चरण के स्टार्ट-अप और छात्रों के कॉन्सेप्ट-स्टेज स्टार्ट-अप। आमंत्रित स्टार्ट-अपों को उनके नवोन्मेषी कार्य को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा और उनकी क्षमता को पहचानते हुए प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष दो स्टार्ट-अप को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

आईआईएमए स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन को एक वार्षिक आयोजन के रूप में देखा जा रहा है जो भारत में महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में मान्यता प्राप्त करेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा संघों, स्टार्ट-अपों और शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों से समर्थन प्राप्त करना है, जिससे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके। एक विशिष्ट एजेंडे, वक्ताओं की एक उत्कृष्ट श्रृंखला और विविध दर्शकों की भागीदारी के साथ, आईआईएमए स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन विचारों के आदान-प्रदान, नवाचार को उत्प्रेरित करने, साझेदारी को बढ़ावा देने और भारत में स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में योगदान देने की दिशा में काम करेगा।

अधिक जानकारी और पंजीकरण विवरण के लिए, कृपया निम्नसूचित लिंक पर क्लिक करके आधिकारिक वेबसाइट पर जाएँ: https://www.iima.ac.in/events1st-iima-healthcare-summit-2023

**<u>आईआईएम अहमदाबाद के बारे में:</u>**

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद (आईआईएमए) एक प्रमुख, वैश्विक प्रबंध संस्थान है जो प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में सबसे आगे है। अपने अस्तित्व के 60 वर्षों में, इसे अपने विशिष्ट शिक्षण, उच्च गुणवत्तायुक्त अनुसंधान, भविष्य के अग्रणियों का पोषण, उद्योग, सरकार और सामाजिक उद्यम का समर्थन करने और समाज पर एक प्रगतिशील प्रभाव उत्पन्न करने के माध्यम से छात्रवृत्ति, अभ्यास और नीति में अनुकरणीय योगदान के लिए स्वीकृति मिली हुई है।

आईआईएमए की स्थापना 1961 में सरकार, उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा जगत द्वारा एक अभिनव पहल के रूप में की गई थी। तब से, यह अपने वैश्विक पदचिह्न को मजबूत कर रहा है और आज इसका 80 से अधिक शीर्ष अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ एक बड़ा नेटवर्क है और दुबई में भी इसकी उपस्थिति है। इसके प्रतिष्ठित संकाय सदस्य और 40,000 से अधिक पूर्वछात्र, जो जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रभावशाली पदों पर हैं, आदि भी इसकी वैश्विक मान्यता में योगदान करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, आईआईएमए के अकादमिक रूप से श्रेष्ठ, बाज़ार-संचालित और सामाजिक रूप से प्रभावशाली कार्यक्रमों ने विश्व स्तर पर उच्च प्रतिष्ठा और प्रशंसा अर्जित की है। यह EQUIS (ईक्विस) से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने वाला पहला भारतीय संस्थान बना हुआ है। संस्थान को भारत सरकार की *राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क* (एनआईआरएफ), भारतीय रैंकिंग 2023 में भी प्रथम स्थान पर रखा गया है। *फाइनेंशियल टाइम्स* (एफ़टी) एक्जीक्यूटिव एजुकेशन रैंकिंग 2023 में संस्थान को भारत में नंबर 1, एशिया में नंबर 2 और विश्व स्तर पर 35वाँ स्थान दिया गया है। संस्थान ने हाल ही में घोषित *बीटी-एमडीआरए* भारत की सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल 2023 रैंकिंग सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रबंधन में प्रसिद्ध दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (पीजीपी) को *एफ़टी मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग 2021* में 26वाँ स्थान दिया गया है और कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (पीजीपीएक्स) को *एफ़टी ग्लोबल एमबीए रैंकिंग 2022* में 62वाँ स्थान दिया गया है।

आईआईएमए व्यापारिक नेताओं, नीति निर्माताओं, उद्योग व्यवसायियों, शिक्षाविदों, सरकारी अधिकारियों, सशस्त्र सेनाबलों के कर्मियों, कृषि-व्यवसाय और अन्य विशिष्ट क्षेत्र के विशेषज्ञ और उद्यमी के लिए अनुकूलित, मिश्रित और खुले नामांकन प्रारूपों में परामर्श सेवाएँ और 200 से अधिक अनुकूलित कार्यकारी शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करता है। आईआईएमए के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया इस लिंक पर देखें: https://www.iima.ac.in/

<u>मीडिया संपर्क :</u>

<u>कमला चौधरी संचार केंद्र, आईआईएमए</u>

**वर्षा रत्नपार्के** | vp-communications@iima.ac.in

**सुनीता अरविंद** |pr@iima.ac.in